वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 270 रविवार 28 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# 75वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

## उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी भी समारोह में रहे उपस्थित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



राज्यपाल कलराज मिश्र ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी और अन्य गणमान्यजन भी समारोह में उपस्थित रहे। उल्लास, उमंग और उत्साह से मनाए गए गणतंत्र दिवस पर्व में समारोह स्थल पर हाड़ीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, जीआरपी, राजस्थान कारागार विभाग, पंजाब पुलिस, एसडीआरएफ, तीसरी बटालियनआरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, एनसीसी आर्मी, एयरविंग और नेवल विंग, स्काउट एवं गाइड, एमजीडी स्कूल आदि की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी निश्चय प्रसाद एम. ने किया। समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा सौंगी मुखोटों, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा छाऊ, गुजरात के कलाकारों द्वारा डांडिया रास की प्रस्तुति हुई वहीं राजस्थान के कलाकारों द्वारा आंगी गैर, घूमर, कच्छी घोड़ी आदि के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। स्कूली बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के गुणगान के साथ विकसित भारत पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। स्टेडियम में उदयपुर के विकास जानने के निर्देशन में कलाकारों ने अपनी यह प्रस्तुतियां दी। बाद में मादक पदार्थों और अन्य अपराधों से जुड़े अपराधियों को पकड़ने में पुलिस और श्वान की भूमिका दर्शाते विशेष करतब प्रदर्शन भी हुए। स्टेडियम में राजस्थान पुलिस और सेना के जवानों द्वारा घुड़सवारी के साथ शौर्य प्रदर्शन किया गया।

# भजनलाल सरकार ने आईपीएस की पहली तबादला सूची की जारी

## वसुंधरा सरकार में सीएम सिक्योरिटी रहे संजय अग्रवाल संभालेंगे इंटेलीजेंस, विशाल कमिश्नर की दौड़ से बाहर

**जयपुर. कासं।** भजनलाल सरकार ने आईपीएस की पहली तबादला सूची जारी कर आईपीएस विशाल बंसल को कमिश्नर की दौड़ से बाहर कर दिया है। उन्हें एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के पद पर लगाया है। वहीं वसुंधरा सरकार में सीएम सिक्योरिटी फिर जयपुर पुलिस कमिश्नर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे एडीजी संजय अग्रवाल को इंटेलीजेंस एडीजी लगाया है। कांग्रेस सरकार में अग्रवाल को कोई महत्वपूर्ण पद नहीं मिला था। कांग्रेस सरकार में इंटेलीजेंस एडीजी का पद सबसे ज्यादा चचाओं में रहा था। साथ ही जेल से सीएम को धमकी देने का मामला सामने आने के बाद जेल एडीजी भूपेन्द्र साहू को हटा दिया है। जेल में मोबाइल मिलने के मामले में पुलिस मुख्यालय गत दिनों जेल अधीक्षक सहित तीन अफसरों को हटा दिया था। साथ ही लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी संभाल रहे आनंद श्रीवास्तव को आरएसी का एडीजी लगाया है। इसके साथ ही श्रीवास्तव को अब स्वतंत्र जिम्मा मिला है। एस सेंगाथिर को इंटेलीजेंस से हटाकर एडीजी हेडक्वार्टर लगाया है। गत सरकार में इंटेलीजेंस जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहे एडीजी को हेडक्वार्टर जैसा महत्वपूर्ण जिम्मा मिला है। हालांकि कांग्रेस सरकार में अंतिम छह माह में लगे अधिकारियों में से कुछ को ही हटाया है।

# स्मार्ट सिटी वर्क में जयपुर-उदयपुर आगे

## जयपुर का पार्किंग प्रोजेक्ट, उदयपुर का एरिया बेस्ड डवलपमेंट अव्वल, अजमेर और कोटा पिछड़ गए



**जयपुर. कासं।** राजस्थान की चार स्मार्ट सिटी में अभी जयपुर-उदयपुर आगे चल रहे हैं। कोटा व अजमेर के कार्य को स्मार्ट सिटी मासिक कार्य प्रगति सूची में शामिल नहीं किया है। जयपुर के 80 करोड़ के रामनिवास बाग पार्किंग प्रोजेक्ट, एसएमएस स्टेडियम के ट्रेनिंग एंड रीहेबिलिटेशन सेंटर और सीसीटीवी वीडियो सर्विलांस कार्य को उत्कृष्ट माना है। वहीं उदयपुर में एरिया बेस्ड डवलपमेंट प्लान को स्थान दिया है। हालांकि, अजमेर के सेवन वंडर्स, मोइनिया इस्लामिया अंडर ग्राउंड नई पार्किंग और जेएलएन अस्पताल का पीडियाट्रिक ब्लॉक भी मिशन द्वारा बेहतरीन प्रोजेक्ट माने गए, लेकिन विशेष सूची में संभवतया अगली बार शामिल किए जाएंगे। जयपुर में श्रेष्ट प्रदर्शन वाले स्पोर्ट्स सेंटर को खास माना है। जयपुर स्मार्ट सिटी और राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स कौंसिल की ओर से एसएमएस स्टेडियम में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सुविधा युक्त ट्रेनिंग और रीहेबिलिटेशन सेंटर बनाया जा रहा। दूसरा कार्य रामनिवास बाग में 80 करोड़ रु. की लागत से बनाया मल्टी लेवल पार्किंग माना है। इससे भीड़भाड़ वाले परकोटे के बाजारों का पार्किंग लोड कम होगा। तीसरा कार्य सीसीटीवी बेस्ड सर्विलांस कार्य है। शहर के चौराहों से लेकर वीवीआई स्थानों की सुरक्षा के लिए यह सीसीटीवी सिस्टम उत्कृष्ट माना है। इससे ट्रैफिक कंट्रोल में बहुत उपयोगी माना जा रहा है। कोई घटना दुर्घटना की ट्रेकिंग से लेकर सुरक्षा इंतजामों में इसे अपनी तरह का पहला कार्य बताया है। सेफ और स्मार्ट सिटी की दिशा में सशक्त कदम माना है। **उदयपुर के प्रोजेक्ट का दिल्ली में प्रजेंटेशन:** उदयपुर स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डवलपमेंट प्रोजेक्ट को इस बार शीर्ष 3 में दिल्ली प्रदर्शनी में एक्जीबिट किया गया। इसके अलावा सूरत और इंदौर के प्रोजेक्ट्स को ही प्रदर्शनी में स्थान मिला।

# श्री हिंदू अनाथ आश्रम में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

हमारे देश की गौरव गरिमा और अस्मिता में वृद्धि के लिए 75 वें गणतंत्र दिवस पर नाटिणियों का रास्ता में स्थित श्री हिंदू अनाथ आश्रम में राष्ट्र ध्वज श्रीमती शशि सोगानी तथा निर्मल जैन गोधा के द्वारा फहराया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के सह मंत्री व प्रचार संयोजक रमेश गंगवाल ने बताया, इस अवसर पर अनाथ आश्रम के अध्यक्ष बाबूलाल चतुवेर्दी सहित उपाध्यक्ष संजय काला , दीपक पारीक, पुष्पेंद्र सैनी , मुकेश पारीक तथा रितु जैन, श्रीमती लक्ष्मी शर्मा , राम सिंह कुमावत, शंकर सिंह राजावत एवं कार्यकारिणी के समस्त महानुभाव एवं सदस्य गण उपस्थित थे। बाबूलाल चतुवेर्दी ने अपने उद्बोधन में कहा राष्ट्र की अस्मिता, अखंडता संविधान से होती है। जिसकी आज के दिन हमारे राष्ट्र में स्वतंत्र गणतंत्र की स्थापना हुई थी। और मैं इस अवसर पर प्रदेशवासियों सहित सभी उपस्थित महानुभावों को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। उन्होंने कहा - ना कोई छोटा हो ना कोई बड़ा हो ,सबके बीच आपसी भाईचारा हो, सब करें राष्ट्र का सम्मान ,ऐसा विश्व में भारत हमारा हो।

# शिव पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

## रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** देश के 75 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर चित्रकूट नगर, भुवाणा स्थित, शिव पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर पधारे हुए अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विशेष रूप से देश के शहीदों को समर्पित समूह नृत्य देश मेरे, देश मेरे, मेरी जान है तू, 'जैसी करनी वैसी भरनी' लघु नाटिका, 'मोबाइल के नुकसान' विषय पर नृत्य प्रस्तुति एवं देशभक्ति से सराबोर प्रतिभाशाली बच्चों की कविताओं ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे 94.3 माय एफएम के रेडियो जॉकी 'आरजे समय' ने बच्चों के टैलेंट को देखकर कहा कि आज इन बच्चों को देखकर हमें अपने स्कूल के दिन याद आ गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार एवं थिएटर डायरेक्टर, प्रोफेसर ओमपाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप जैसे प्रतिभाशाली बच्चों को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। अपने गुरुओं की आज्ञा का पालन करें और जीवन में खूब आगे बढ़ें।इस अवसर पर शिव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विनय दुबे, प्रिंसिपल प्रियंका दुबे, रेखा जीनगर, मधु वैष्णव, गीता चौधरी व सुगन कंवर आदि भी उपस्थित रहे।



# जवाहर नगर जैन श्वेतांबर संघ ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**जयपुर।** जैन श्वेतांबर संघ जवाहर नगर में विराजित मुनी तत्व रुचिजी महाराज एवं मुनि संभव मुनि श्री जी महाराज साहब के सानिध्य में 75 वे गणतंत्र दिवस पर झंडा रोहण कर हर्षोल्लास से मनाया ।इस अवसर पर संघ अध्यक्ष उम्मेद मुसल ने झंडारोहण किया एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने एवं महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के सदस्य ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर देश और समाज के लिए प्रभु महावीर स्वामी से प्रार्थना की। संघ मंत्री नितिन दुगड ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# वीर ग्रुप ने 75वां गणतंत्र दिवस तिरंगा फहराकर धूमधाम के साथ मनाया



**जयपर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 26 जनवरी 2024 संपूर्ण भारत, देश के लोकतान्त्रिक मूल्यों में, संविधान में विश्वास का, उसके पालन का राष्ट्रीय पर्व 75वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मना रहा है। इसी कड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा में भी 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप वीर जयपुर के अध्यक्ष नीरज झ रेखा जैन ने विद्यालय परिसर में तिरंगा फहराकर झंडारोहण किया। झंडारोहण में इनके साथ संयुक्त रूप से राज. सरकार की उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी के ओ. एस. डी. हनुमान सिंह , भा. ज. पा. महिला मोर्चा अध्यक्ष , मुरलीपुरा मंडल झ ममता शर्मा, वार्ड 16 संयोजक झ मनोज शर्मा ( अधिवक्ता ), सविता ( प्रधानाचार्य ), सीमा (प्रधानाचार्य), सुरेश चंद जैन भी उपस्थित रहे। झंडारोहण के पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का एवं भामाशाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात छात्र झ छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर भा. ज. पा. महिला मोर्चा अध्यक्ष , मुरलीपुरा मंडल झ ममता शर्मा एवं दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप वीर जयपुर के अध्यक्ष नीरज जैन ने सभी को संबोधित किया। कार्यक्रम में सत्यनारायण ( शिव चाय भंडार ), गौरीशंकर , उदयभान , कशिश जैन, कोमल जैन, मुकेश की गरिमामयी उपस्तिथि रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी को उदयभान फाउंडेशन की तरफ से मिष्ठान का वितरण किया गया।

# वर्द्धमान ने मनाया जोश खरोश से 75वां गणतंत्र दिवस





**अर्पित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय के खेल मैदान में संयुक्त रूप से भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, ब्यावर में देश का 75वां गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में संस्था अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी नाबरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली । तत्पश्चात उन्होनें अपना उद्बोधन दिया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में समिति द्वारा संचालित सभी संस्थाओं की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए सभी प्रतिभागियों एवं उनके मेंटर्स को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में ध्वाजारोहण कर विद्यार्थियों को देश के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होकर अच्छे संस्कारों के साथ राष्ट्र उत्थान के लिए उजार्वान बनने का मंत्र दिया। सामूहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा युगल एवं सामूहिक नृत्य, समूह गान, लघु नाटिका प्रस्तुत की गई साथ ही छात्राओं ने सुमधुर बैंड पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शानदार कदम ताल का प्रदर्शन करते हुए स्काउट गाइड, बॉयज बैंड के नेतृत्व में अशोका हाउस, टैगोर हाउस, सुभाष हाउस और रमन हाउस के विद्यार्थियों ने परेड कर राष्टभक्ति का परिचय दिया ।इसी क्रम में जूनियर वर्ग के बच्चों द्वारा शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया ।वर्द्धमान इंटरनेशनल प्ले स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा सर्वधर्म समभाव पर आधारित आकर्षक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई ।नाज के विद्यार्थियों ने सभी में देशभक्ति की भावना जागृत करने वाली शानदार नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित सभी महानुभावों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में गोठी स्कूल प्राचार्य डॉ. अनिल शर्मा द्वारा कार्यक्रम में पधारे संस्था के समस्त पदाधिकारियों, अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद गादिया, कोषाध्यक्ष रमेश मेड़तवाल, देवराज लोढ़ा, बलवंत रांका, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा, भंवरलाल गोठी स्कूल के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार शर्मा, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, वर्द्धमान इंटरनेशनल की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर सहित सभी संस्थाओं के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि पंवार एवं श्रीमती अनुपमा दाधीच द्वारा किया गया ।

## अवधपुरी में वात्सल्य सेवा समिति के सदस्यों द्वारा फहराया गया झंडारोहण



आगरा. शाबाश इंडिया। 75वें गणतंत्र दिवस पर केसरिया रंग में रंगा नजर आया पूरा देश। वही आगरा के अवधपुरी कॉलोनी स्थित पॉवर हाउस में वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में 75वां गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस अवसर कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का संस्था की अध्यक्ष रश्मि जैन ने स्वागत सम्मान किया। देश भक्ति के रंग में रंगे सभी लोगों ने एकसाथ मिलकर अम्बर में देश के तिरंगे को फहराते हुए आजादी के अमृत काल की शुरूआत कर देश के वीरों को नमन किया।पूरा पांवर हाउस देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।इस मौके पर कलाकुंज मंदिर के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार जैन, राजीव जैन,अजय जैन,नरेंद्र कुमार जैन,पीयूष जैन,शुभम जैन,वात्सल्य सेवा समिति की अध्यक्ष रश्मि जैन, उपासना जैन,करुणा जैन,कविता जैन,बबिता जैन,पुष्पा जैन, रागिनी जैन,रिंकी जैन, अनिता,समस्त वात्सल्य सेवा समिति के सभी सदस्य प्रमुख रूप से बड़ी संख्या में मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रश्मि जैन ने सभी सदस्याओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## संविधान ही महान है : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने गणतंत्र दिवस पर संविधान का महत्व बताते हुए कहा कि - यह भारतीय संविधान हमें विश्व एकता का संदेश देता है।जिसकी प्रस्तावना का वाक्य ही हम भारत के लोग.... से शुरू होता है, जिसे जनता के दम पर ही गणतंत्र या रिपब्लिक कहा जाता है।इस दिन राजधानी दिल्ली में आकर्षक परेड़ होती है।पूरे राष्ट्र की बहुलवादी लोकतांत्रिक संस्कृति की झांकी भी राजपथ पर जुलूस की शक्ल में दिखती है।देश की सैन्य शक्ति का भी भव्य प्रदर्शन होता है।यह भी एकता का ही प्रतीक है। आजादी के आंदोलन के मूल्यों-संस्कारों के आधुनिक संदर्भ और परिवेश बदल रहे हैं।इसे इस रूप में भी समझा जा सकता है कि ये बापू का जमाना नहीं है जो किसी आश्रम से भी चंद पंक्तियां लिखकर पूरे देश को एकजुट कर सकते थे।इस बदलते परिदृश्य में जब युवाओं की लगभग आधी से ज्यादा आबादी वाला युवा भारत आने वाले समय में महाशक्ति बनने को तैयार हैं, हमें अपनी राष्ट्रीय धरोहर, जड़ों से भटकने की प्रवृत्ति से बचना होगा, क्योंकि यही लोकतांत्रिक-बहुलवादी संस्कृति ही हमारी राष्ट्रीय पूंजी है, चेतना है। नरेश बनेठा वालों ने क्षेत्र पर पहुंचकर पूज्य गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया और विज्ञातीर्थ क्षेत्र का अवलोकन किया।



## वेद ज्ञान

# अहंकार पतन का कारण

जंगल के दूसरे किनारे जाती मक्खी को उसी दिशा में अग्रसर एक हाथी दिखा। वह उसके कान पर सवार हो गई। गंतव्य पर पहुंचने पर उसने साथ निभाने और सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हाथी को कोटि-कोटि आभार जताया तो हाथी को कान में गुंजन सी महसूस हुई। मक्खी अपने रास्ते चली गई। अहंकार से सराबोर व्यक्ति भी उस मक्खी की भांति अपनी छोटी सी दुनिया को संपूर्ण सृष्टि मान कर आजीवन भ्रम में जीता है। दूसरों के कष्टों, जरूरतों और हर्षोल्लास का उसे अहसास नहीं होता और उनके कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने में वह असमर्थ होता है। सीमित सोच के कारण उसके हृदय में आनंद, उत्साह, प्रेम और शांति के भाव नहीं फूटते। अहंकारी अपने कार्य या निर्णय को सही ठहराने में कोई कसर नहीं छोड़ता, झुकने से उसकी शान घटती है। उसे नहीं कौंधता कि गलती करने पर क्षमायाचना से उसका गलत या दूसरे का सही होना सिद्ध नहीं होता, बल्कि आपसी संबंध सुदृढ़ होते हैं। अपनी बड़ाई सुनते वह नहीं अघाता। उसकी बातें 'मैं' से शुरू हो कर 'मैं' से विस्तार पाती और मैं पर खत्म होती हैं। अपने यांत्रिक आचरण और व्यवहार से अहंकारी व्यक्ति के परिजनों, सहकर्मियों व अन्य साथियों से संबंध होते भी हैं तो केवल सतही। उनमें अंतरंगता या प्रगाढ़ता नहीं होती। किसी से उसे सरोकार रहता है तो उसी हद तक जहां तक निजी स्वार्थ सधते हों। वह किसी को सम्मान नहीं देता, इसीलिए सम्मान पाने का अधिकार खो देता है। दिखावटी प्रतिष्ठा पर इतराता ऐसा व्यक्ति लोगों से अलग-थलग पड़ जाता है और उनकी हार्दिक दुआओं से वंचित रहता है। अहंकार ही शक्तिशाली रावण, दानवीर कर्ण सरीखी विभूतियों के विनाश का कारण बना। जो सच्चे ज्ञानी होते हैं उन्हें अपने ज्ञान पर अहंकार नहीं होता चूंकि उन्हें अपने अज्ञान का पता रहता है। मूर्ख या अहंकारी को अपने सिवा प्रत्येक व्यक्ति में खोट दिखते रहते हैं। जितना तुच्छ बुद्धि उतना अधिक अहंकार। उसका नाम गूगल न हो तो भी वह सब कुछ जानने का स्वांग करता है। कब्रिस्तान के बाहर लिखी यह इबारत उसके पल्ले नहीं पड़ती, सैकड़ों दफन हैं यहां जो सोचते थे कि दुनिया उनके बिना नहीं चल सकती। अहंकार दैविक विधान के प्रतिकूल है, आत्मघाती है, व्यक्ति के पतन का कारण है।

## संपादकीय

# महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाना पड़ा महंगा

देश के शासन-तंत्र के ढांचे में काम करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिए उनके दायित्वों के साथ एक महत्त्वपूर्ण संदेश यह भी जुड़ा होता है कि उनके आचरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाए। मगर आए दिन ऐसी खबरें मिलती रहती हैं कि किसी अफसर ने अपने मातहत कर्मचारियों को अनधिकृत रूप से अपने निजी काम करने में भी लगा दिया या कुछ ऐसा कराया, जो नियमों के खिलाफ, सामाजिक और नैतिक रूप से



गलत था और उससे नौकरशाही को लेकर नकारात्मक संदेश गया। मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले की चित्रांगी तहसील के उपजिलाधिकारी यानी एसडीएम ने यह बुनियादी पहलू ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा और सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यालय की एक महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। इस घटना की तस्वीर के सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और लोगों ने अधिकारी के इस आचरण पर तीखी आपत्ति दर्ज की। स्वाभाविक ही इससे राज्य सरकार के लिए एक असहज स्थिति पैदा हो गई, जो अक्सर महिला सम्मान के सर्वोपरि होने की बात करती रहती है। नतीजतन, सरकार ने ऐसे आचरण के कठघरे में आए एसडीएम के तबादले का आदेश जारी कर दिया। किसी भी व्यक्ति और खासतौर पर उच्च पद पर काबिज अधिकारी के पास यह सहज ज्ञान होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से ऐसे आचरण का क्या मतलब होता है। मगर संबंधित एसडीएम को इस पर गौर करना जरूरी नहीं लगा कि ऐसी कोई बात कैसे उनके पद की मर्यादा और सामान्य नैतिकता के भी खिलाफ जाती है। खासतौर पर जिस दौर में महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए सभी स्तरों पर जोर दिया जा रहा है, वैसे में यह घटना दावों और हकीकत के विरोधाभास को ही दर्शाती है। इसलिए उनके तबादले से संबंधित फैसले का आशय समझा जा सकता है। हालांकि आरोपों के कठघरे में आए एसडीएम ने सफाई के तौर पर कहा कि उनके पैर में चोट लगी थी और इस वजह से महिला कर्मी ने खुद ही जूते के फीते बांध दिए थे। मगर सवाल है कि वहां मौजूद और बाद में सुर्खियों में आई तस्वीर को देखने वाले लोगों को यह कैसे पता हो सकता है कि ऐसा उनके स्वास्थ्य की वजह से हुआ। फिर क्या अपने पद से जुड़े व्यवहार की सीमा और उससे जुड़े नैतिक तकाजे का खयाल रखना खुद अधिकारी के लिए जरूरी नहीं था? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी विषम परिस्थिति में सहायता या सहयोग और पद के प्रभाव में किसी कनिष्ठ कर्मचारी से निजी काम कराने की प्रकृति बिल्कुल अलग होती है। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने की स्थिति में किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास अवकाश लेने का विकल्प होता है। फिर यह भी देखा जाता है कि किसी कनिष्ठ या निम्नवर्गीय कर्मचारी के द्वारा ''जूते के फीते बांधने'' जैसी प्रकृति के काम के पीछे एक खास मनोभाव काम कर रहा होता है, जिसमें उच्च पद का प्रभाव या उसकी आभामंडल से जुड़ा मनोविज्ञान हावी रहता है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# भारत-फ्रांस के बीच सहयोग का सफर

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। वे गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि तो हैं ही, उनके आने से दोनों देशों के बीच रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। पिछले वर्ष दोनों देशों ने परस्पर सहयोग के पच्चीस वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। हालांकि फ्रांस के साथ भारत के संबंध हमेशा से बेहतर रहे हैं, मगर इस समय जब दुनिया के राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं, इन दोनों के रिश्तों की मजबूती कई चुनौतियों से पार पाने में मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री ने मैक्रों का जयपुर में स्वागत किया, दोनों ने एक साथ जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया और फिर लंबी बातचीत की। जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, छात्रों और पेशेवरों के वीजा मामले में सहयोग बढ़ाने आदि विषयों पर बातचीत हुई। गणतंत्र दिवस परेड में फ्रांस की टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। भारत के लिए फ्रांस का महत्त्व इस बात से समझा जा सकता है कि वह भारत का दूसरा बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश है। रफाल लड़ाकू विमान और स्कार्पियन पनडुब्बी की आपूर्ति के अलावा वह भारत के एक बड़े रणनीतिक साझीदार के रूप में उभरा है। खासकर हिंद महासागर में दोनों देशों के बीच संयुक्त सामरिक समझौते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी फ्रांस हमेशा भारत का समर्थन करता रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में उसके प्रवेश का वह समर्थक रहा है। पोकरण परमाणु परीक्षण के बाद जब भारत अलग-थलग पड़ गया था, तब फ्रांस ने ही उसका साथ दिया। पिछले पच्चीस वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की श्रेणी में फ्रांस तेजी से आगे बढ़ता देखा गया है। उसने कई महत्त्वपूर्ण उपक्रम यहां लगाए हैं। वाणिज्य और व्यापार के मामले में भी दोनों के बीच बारह अरब डालर से अधिक का



वार्षिक कारोबार होता है। यह अलग बात है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन नहीं है, फ्रांस की तुलना में भारत काफी कम उसे निर्यात कर पाता है। मगर विज्ञान और तकनीक, जलवायु परिवर्तन आदि से जुड़े मसलों पर भारत को फ्रांस से काफी ताकत मिली है। फ्रांस पहला देश है, जिसके साथ मिल कर भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरूआत की थी। दोनों देशों का जोर नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने पर है, इस क्षेत्र में दोनों के लिए असीमित संभावनाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं। ऐसे समय में जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभुत्व बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के लिए चिंता का विषय है, भारत और फ्रांस ने दो वर्ष पहले हिंद-प्रशांत त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष की स्थापना की। इसका उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिल कर अफ्रीका के पूर्वी तट से सुदूर प्रशांत तक समुद्री क्षेत्र में जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# कौशल्या के राम

## (पद्मपुराण पर आधारित)








**समीक्षा -डा.दर्शना जैन, जयपुर**

मुनि क्षमासागर द्वारा रचित यह पुस्तक राम के चरित्र का साक्षात दर्शन करा देती है।राम चरित्र को कहने वाले अनेक ग्रंथ विद्यमान हैं। लगभग 7-8 वीं शताब्दी में आचार्य रविषेण ने भी एक राम चरित्र रचना की, उसका नाम दिया 'पद्मपुराण'। इसी ग्रंथ को आधार बनाकर मुनि श्री क्षमा सागर महाराज ने अपनी लेखनी के द्वारा 'कौशल्या के राम' कृति को संक्षिप्त एवं सरल भाषा शैली में पाठकों तक पहुंचाया है। इसके सम्पादक डॉ. सतेन्द्र कुमार जैन है। इस कृति में मुनिश्री ने रामचरित को संक्षिप्त करके अवान्तर कथाओं को निकाल दिया। इससे पाठकगण रामचरित की मूलकथा को सहजता से ज्ञात कर सकेगें। मुनिश्री का यह प्रयास रामकथा को जन-जन तक पहुँचाने में सफल हुआ।इस कौशल्या के राम नामक कृति के दो संस्करण समाज में बहुचर्चा का विषय बने है तथा अनेक लोगों ने इस कृति के माध्यम से राम के आदर्श जीवन को जाना व अपनाया।इस ग्रंथ में राम और रावण सचित्र वर्णन किया गया है लेकिन एक का पतन हुआ और एक का उर्ध्व गमन हुमा। आज लगभग 18 रामायण उपलब्ध हैं जो विदेशों में भी प्रचलित हुई।एक तिब्बत की रामायण हैं खेतानी' दक्षिण भारत में भी कम्ब रामायण है और उत्तर भारत में तो सबसे अधिक प्रचलन तुलसीदास जी कृत रामचरित मानस है। बौद्ध धर्म में 'जातकद्दवंदणा लंकावतार सूत्र' रामायण प्रसिद्ध है,जैन शासन को मानने वालों में' पउमचरिउ' 'पद्म पुराण' उत्तर पुराण की रामायण, एवं रामचरित नाम का भी ग्रंथ प्रसिद्ध है जैन रामायण में भगवान राम के चार पुरुषार्थ दर्शाए गए है चार आश्रमों की भारतीय संस्कृति की बड़ी अच्छी व्यवस्था है।चार भाई - राम, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न है चार पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। 26 हजार श्लोक प्रमाण इस पद्म पुराण का संक्षिप्त सार यह 'कौशल्या के राम है।

**पुस्तक - कौशल्या के राम**
**रचनाकार -मुनि श्री क्षमासागर**
**सम्पादक- सतेन्द्र कुमार जैन**
**संस्करण -2011, द्वितीय**
**प्राप्ति स्थान - धर्मोदय साहित्य प्रकाशन, बाहुबली कालोनी,सागर(म.प्र.)**
**7582986222**

# आर्यिका पदमनंदनी माताजी को तपोस्थली बोलखेड़ा में आयोजित विनियांजली सभा में दी श्रद्धांजलि




## आचार्य वसुनंदी महाराज की उपस्थिति में भक्तों ने शब्द सुमन किये अर्पित



**बोलखेड़ा. शाबाश इंडिया**

जिस प्रकार भगवान महावीर के चले जाने पर इंद्रभूति व गौतम गणधर को भी विकल्प हुआ था इसी प्रकार आर्यिका पदम नंदनी के संसार से चले जाने पर आप भक्तों को विकल्प हो सकता है। यह एक स्वाभाविक क्रिया है कि जिससे हमारा लगाव है,मन मे श्रद्धा,भक्ति का भाव है उसके प्रति विकल्प आता है। किंतु विकल्प असद न होकर सद होना चाहिये और यही दिवंगत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। उक्त उद्गार जम्बूस्वामी की तपोस्थली बोलखेड़ा पर आयोजित पदम नंदनी माताजी की विनियांजली सभा मे आचार्य वसुंनदी महाराज ने व्यक्त किये। आचार्य श्री ने कहा कि संसार मे आवागमन तो लगा रहता है लेकिन जो कुछ पद चिन्ह छोड़ कर जाता है जीवन उसी का सार्थक होता है। कर चलो कुछ ऐसे कार्य जो चले जाने के बाद भी याद किये जाओ।सन्तो को किसी क्षेत्र या व्यक्ति विशेष से लगाव नही होता उन्हें तो अपनी आत्मा के कल्याण से लगाव होता है।अनवरत रूप से वे मोक्ष मार्ग की ओर प्रवत्त रहते हुए संयम साधना में रत रहते हैं। विनियांजली सभा का प्रारम्भ ललिता दीदी होडल के मंगलाचरण से हुआ तो आर्यिका पदम नंदनी माताजी के चित्र के समक्ष धर्म प्रभावना संस्था,धर्म जागृति संस्थान व जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा के पदाधिकारियों ने अर्ध समर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। सभा मे क्षुल्लक विषंक सागर महाराज,आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी,मुनि प्रज्ञानंद महाराज ने माताजी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 30 नवम्बर 2008 को धार्मिक संस्कारो से ओत प्रोत हटा दमोह की बेटी प्रीति गुरुवर के आशीष से सीकरी की धरा पर आर्यिका पदमनंदनी बन जैनत्व के ध्वज को आगे बढ़ा रही थी। सभा का संचालन करते हुए धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां ने कहा कि आर्यिका पदम नंदी माताजी स्पष्ट वक्ता के साथ द्रढ़ता पूर्वक अपनी बात कहने की क्षमता रखती थी, उनका वात्सल्य अपने भक्तों के प्रति बड़ा ही अनूठा था।विनियांजली सभा मे देवेंद्र जैन गौतम पुरी, विराग जैन यमुना पार,प्रमोद जैन,अमित जैन शंकरनगर,राजेन्द्र जैन सोनिया नगर,पिंटू जैन जुरहरा,रमेश चन्द्र गर्ग जैन बोलखेड़ा ने भी माताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माताजी का व्यक्तित्व सार गर्भित था।आम व्यक्ति की सोच का दायरा होता है किंतु सन्तो की सोच तो दरिया होती है।उनके अधूरे सपने को पूर्ण करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर सत्यार्थी मीडिया की मासिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। सभा के अंत मे उपस्थित लोगों ने मौन श्रद्धांजलि भी दी। सभा मे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नेमीश्वर धाम जुरहरा में विनियांजली सभा

जुरहरा जैन समाज के अध्यक्ष महेंद्र जैन के अनुसार जुरहरा स्थित निमार्णाधीन नेमीश्वर धाम में भी विनियांजली सभा का आयोजन कर आर्यिका पदमनंदनी माताजी के अधूरे सपने को पूर्ण करने का संकल्प धर्म प्रभावना समिति दिल्ली व स्थानीय समाज द्वारा लिया गया तो वक्ताओं ने कहा कि माताजी ने जुरहरा गांव को धाम बना दिया। सभी की आंखे नम नजर आयी।

# दिव्यांग बच्चों के साथ झंडारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस






**अजमेर. शाबाश इंडिया।** दिव्यांग बच्चों के शिक्षण एवं थैरेपी केन्द्र के लिए संचालित अद्वैत केन्द्र के दिव्यांग बच्चों ने गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया। मुख्य अतिथि रुप श्री जैन , जोन कॉर्डिनेटर जैन सोशल ग्रुप अजमेर संभाग , विशिष्ट अतिथि मनोज जैन, सेवा निवृत एक्सीक्यूटिव इंजीनियर पी. डब्ल्यू . डी अनिल गंगवाल, सुनीता जैन ,संजय कुमार बाकलीवाल, अनुभा जैन, अनामिका जैन,नेहा माथुर, समाज सेविका आशिष माथुर, ब्रांच मेनेजर एच डी एफ सी बैंक पंचशील अजमेर ,सी ए अरिहंत जैन, जैन सिंह एसोसिएट के रूप में शिरकत कर गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। ईश्वर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अद्वैत केन्द्र एवं राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रेरणा शर्मा, खेरूनिशा शेख, निकिता कंवर राठौड़, मधुर मेनावत, सिमरन जामनानी, वीर सहगल, अंजली सैन आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर संस्था राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के निदेशक राकेश कुमार कौशिक एवं सचिव तथा मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित होने वाले किलबिल बालमेला के लिए मुख्य अतिथि रुपश्री जैन व मनोज जैन द्वारा द्वितीय पुरस्कार स्मार्ट टीवी ओर संजय कमार जैन व अनुभा जैन द्वारा तृतीय पुरस्कार स्मार्ट फोन पुरस्कार मे देने की घोषणा की ।

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...

### धर्म अन्धों की रैली नहीं..
### आँख वालों की यात्रा का नाम है..!

इसलिये --

- धर्म - सिर्फ चर्चा में नहीं, चर्या में भी होना चाहिए।
- धर्म - उच्चारण में नहीं, आचरण में आना चाहिए।
- धर्म - जिव्हा में नहीं, जीवन में भी परिलक्षित होना चाहिए।
- धर्म - मन्दिर, मस्जिद, गिरजा में नहीं,, मन और मण्डी में होना चाहिए।



- धर्म - मन्दिर, मस्जिद, गिरजा सीखने की पाठशाला है, तो मण्डी जीने की प्रयोगशाला है।

धर्म और पुण्य आज नहीं किया तो कब करेगा? कल, जब तेरे चार पैर हो जाएंगे। कल, जब तेरे सिर पर दो सींग उग आएंगे। कल, जब तेरी पूंछ लग जाएगी। अरे बाबू! तब क्या, खाक भजन करेगा। तब तो लाठी डंडा खाकर, मालिक का बोझ ढोता फिरेगा। गली कूचों में रोता फिरेगा। अरे बाबू! मेरा कहा मान -- जो शुभ है, मंगल है, कल्याण प्रद है, उसे आज अभी इसी वक्त और यहीं कर डालो। कल का क्या भरोसा है? तू रहे - ना रहे। तू रहे भी, पर तेरे भाव ना रहे। तेरे भाव भी रहे, पर करने की शरीर में शक्ति ना रहे। क्या पता समय का? इसलिए अगर तू जिंदगी को सही मायने में सफल बनाना चाहता है, तो बहानेबाजी, टालम टोल करना बंद कर। अन्यथः तेरा वही हाल होगा जो खद्दू काका का हुआ था...। **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## भैंसलाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हर्ष उल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस समारोह



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

भैसलाना। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 75 वा गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास से मनाया गया। **समारोह के मुख्य अतिथिः** ग्राम पंचायत सरपंच कमला चौधरी,उपसरपंच गीता दायमा एवम शाला प्राचार्य भगवान सहाय जाट ने ध्वजारोहण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में आए अतिथियों का प्राचार्य ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बालक बालिकाओं ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। भगवान सहाय जाट ने अतिथियों का आभार जताया।इस अवसर पर गैर प्रवासी भारतीय प्रोफेसर डॉ राम देव मेहता ने लक्ष्य बना कर शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी।समाजसेवी और सरपंच प्रतिनिधि अनंत कुमार ऐचरा,महादेव शर्मा, प.स.स प्रतिनिधि मुकेश गहनोलिया, शांतिलाल शर्मा, मांगीलाल माली, हरदेव रैगर, भागीरथ मल बिजारनिया, हनुमान माली, बोदू राम माली,उप प्राचार्य कैलाश चंद्र मीना, हरिप्रकाश विद्यार्थी, ललित कुमावत, श्रीराम गढ़वाल अशोक चौधरी, दीपेंद्र सिंह हनुमान राम लुहाच ,अशोक सोनगरा ,बनवारी लाल आलोरिया, हिरेंद्र डोगीवाल, विकास प्रजापत,कमलेश पाटिल , कमला टेलर पुष्पा मेम नंदकिशोर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मिठाई वितरण किया गया। मंच संचालन उप प्राचार्य राम गोपाल वर्मा प्रकाश चंद्र शर्मा ने किया। स्मार्ट क्लास रूम के लिए पावर बैक अप हेतु दो किलो वॉट का इन्वर्टर बैटरी हेतु स्टाफ की ओर से 11 हजार रुपए का योगदान प्राप्त हुआ साथ ही उपस्थित अतिथियों ने भी भरपूर योगदान दिया।

# श्री महावीर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूरे जोश और उल्लास से मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित श्री महावीर दिगंबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, महावीर पब्लिक स्कूल, श्री महावीर कॉलेज एवं श्री पद्मावती जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में गार्ड ऑफ ऑनर एन.सी.सी. विंग के साथ मुख्य अतिथि माननीय जगदीश चंद्र कातिल सी.ई.ओ. एवं प्रधान संपादक-राष्ट्रीय समाचार चैनल भारत 24, एडिटर-इन -चीफ एवं सी.एम.डी फर्स्ट इंडिया न्यूज) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यापिकाओं द्वारा वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के अध्यक्ष उमराव मल संघी, संरक्षक अशोक जैन नेता, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांड्या, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, संयुक्त मंत्री कमल बाबू जैन, कोषाध्यक्ष महेश काला, मुकेश सोगानी, रूपिन काला, मनीष बैद, विनोद कोटखावदा, सुनील पहाड़िया, अरुण काला, राजेंद्र बिलाला(संयोजक पद्मावती स्कूल),समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य अतिथि को साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन, प्राचार्य ( श्री महावीर कॉलेज) आशीष गुप्ता, प्राचार्या ( एस एम डी जे)




श्रीमती रेणु गोस्वामी, प्राचार्या (पद्मावती स्कूल) श्रीमती अंजु शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट किया । मुख्य अतिथि ने भारतीय होने के गर्व के साथ झंडा रोहण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। संस्था के मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने अपने भाषण में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संस्था सदस्यों सहित मुख्य अतिथि ने उन्मुक्त गगन में गुब्बारे छोड़कर उन्नत भारत,विकसित भारत व स्वच्छ भारत की संवैधानिक शक्ति का परिचय दिया।इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, बैग पाइप बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति गीत एवं नृत्य, योगा प्रदर्शन, स्केटिंग प्रदर्शन आदि की नयनाभिराम प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। गीतों व नृत्यों में श्रीराम मंदिर बनने की खुशी भी देखने को मिली। संस्थाध्यक्ष उमराव मल संघी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की गरिमा और उत्थान के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए तथा युवा पीढ़ी से श्रेष्ठ भारत के निर्माण हेतु आगे आने का आह्वान किया। शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय संरक्षक अशोक नेता ने अपने उद्बोधन में विद्यालय का गेट खोलने के लिए सबसे पहले गार्ड को,विद्यालय की स्वच्छता के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को, शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को, बच्चों को उच्च व गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए अध्यापकों को, विद्यालय को विस्तृत रूप देने के लिए कार्यकारिणी को तथा ऊर्जावान बनाकर छात्रों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को सम्मान दिया।कार्यकारिणी शिक्षा परिषद् ने अशोक नेता को स्मृति चिन्ह भेंट किया। महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों एवं मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया।

## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ध्वजारोहण किया गया




जयपुर। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वरुण पथ, मानसरोवर में ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूल के बच्चों को लड्डू, केले, बिस्कुट, कुरकुरे, कॉपी, पेन इत्यादि वितरित किये गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ला. रानी पाटनी, सचिव सुजाता स्वर्णकार,व ला. महादेवी आर्या, विजया कोठारी, मृदुला जैन, स्नेह लता जैन, राधा रानी मित्तल , स्कूल के शिक्षक,बच्चे व अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में जनता को मिला स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर, श्री मुनिसुव्रतनाथ फाउंडेशन ने जगतपुरा जयपुर स्थित जैन मंदिर में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। संगठन के प्रवक्ता अभिषेक सांघी ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से जनता को दांतों की जांच, बॉडी फिटनेस रिपोर्ट, ब्लड प्रेशर जांच और होमियोपैथी चिकित्सा सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। मंत्री अनूप बैनाड़ा ने बताया शिविर की विधिवत शुरूआत पिंकल-शिव कुमार श्रीमाल के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा देशभक्ति के तरानो एवं विशेष रूप से भारत-लोकतंत्र की मातृका विषय पर नारी शक्ति के योगदान को साझा किया गया ।




# हेलेन केलर स्कूल छात्रावास इन्दौर में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस मनाया

**इंदौर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा इन्दौर के तत्वावधान में मध्यप्रदेश दृष्टिहीन कल्याण संघ द्वारा संचालित हेलेन केलर स्कूल छात्रावास इन्दौर के बच्चों के साथ बड़े ही भव्यता के साथ राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, राष्ट्रीय गीत की सामुहिक प्रस्तुति व तिरंगा ध्वजारोहण से हुआ, तत्पश्चात हेलेन केलर स्कूल छात्रावास के दृष्टिहीन बच्चों के द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने उद्बोधन द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया गया, उसके उपरांत दृष्टिहीन बच्चों द्वारा संगीतमय वाद्ययंत्रो सहित राष्ट्रीय गीत व वंदे मातरम्‌की प्रस्तुति दी गई। दृष्टिहीन बच्चों की अद्भुत प्रस्तुति देखकर सभी की आंखें नम व सभी लोग भावुक हो गए। तत्पश्चात करगिल युद्ध में शहीद गौतम जैन इन्दौर के माता-पिता सुमति प्रकाश श्रीमती सुधा जैन, शहीद के भाई डॉ सिद्धार्थ व भतीजे अरिंजय जैन का पल्लीवाल जैन महासभा व रोटरी क्लब के घनश्याम साहू, आकाशवाणी से शिखा साहू, व शिखा कांवरा द्वारा तिरंगा पगड़ी पहनाकर, दुपट्टा, बैंच व माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया । शहीद गौतम जैन के पिता सुमति प्रकाश व डाक्टर सिद्धार्थ जैन सीएचएल अपोलो द्वारा सभी दृष्टिहीन बच्चों के स्वास्थ्य का चैकअप व उपयुक्त आवश्यकताओं की घोषणा भी की गई ।कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के गीत व वंदे मातरम के उच्च घोष के द्वारा किया गया, उसके पश्चात दृष्टिहीन बच्चों को व छात्रावास के सभी पदाधिकारियों को फल, मिठाई व नाश्ता वितरण किया गया। पल्लीवाल जैन महासभा शाखा इन्दौर व रोटरी क्लब द्वारा संयुक्त तत्वावधान में किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित राजीव रत्न, रत्नेश, पल्लीवाल शाखा अध्यक्ष-राजेंद्र कुमार, मंत्री-इन्द्र कुमार जैन, सुनील कुमार, प्रेमलता जैन, सुधीर, प्रवीण, दिलीप, नरेश, दीपक, राकेश व अन्य समाज सेवी उपस्थित हुए। अंत में आभार शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन जी ने व्यक्त किया।



## आपाके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा सांगानेर में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा सांगानेर में गणतंत्र दिवस के साथ वार्षिक उत्सव, भामाशाह सम्मान, पूर्व छात्र परिषद तथा एसडीएमसी सम्मान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रसिद्ध उद्योगपति बसंत जैन , कीर्ति राठौर तथा सगन लाल डोडा रहे। मोहनपुर ग्राम की सरपंच मधु शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में रही । विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद द्वारा पधारे हुए अतिथियों का साफा पहनकर स्वागत किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति तथा पूर्व कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बसंत जैन द्वारा प्रदत शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता कथूरिया ने किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कीर्ति राठौर द्वारा वॉलीबॉल खेलने वाले खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया तथा संघा लाल डोडा ने विद्यालय में गायन करने वाले विद्यार्थियों को श्रेया घोषाल गायिका के गुरु द्वारा प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया।

## शुभम शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गणतंत्र दिवस पर कालवाड़ रोड, बजरंग द्वार , देवीनगर विस्तार में शुभम शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमे ध्वजारोहण निदेशक जसवंत सिंह यादव द्वारा किया गया व विशिष्ट अतिथियों अम्बरीष शर्मा , रघुवीर सिंह शेखावत , शिव सिंह भुरटिया का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।इस अवसर पर विधार्थियों द्वारा राष्ट्र गीत , गणेश वंदना विनोद ग्रुप , देश भक्ति गीत विनोद , कविता राज्यवर्धन , भाषण देवराज , नंदिनी , सामुहिक नृत्य हर्षिता ग्रुप द्वारा किया गया व कार्यक्रम के बाद सभी विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरण किया गया।

## ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को राज्य स्तर पर किया सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पंडित बृज सुंदर शर्मा सामान्य चिकित्सालय बूंदी के ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को गणतंत्र दिवस को राज्य स्तर पर डॉ. लोकेश चतुर्वेदी निदेशक (आरसीएच), डॉ. एस के परमार निदेशक (एड्स), डॉ. रवि प्रकाश माथुर निदेशक (जन-स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ राजस्थान जयपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा को यह प्रशस्ति पत्र चिकित्सा सेवाये और सर्व समाज के लिए अनेक प्रकार की बेहतरीन सेवाये देने पर गणतंत्र दिवस को स्वास्थ्य विभाग जयपुर में राजस्थान सरकार ने राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

### प्रशासन और संस्थाओ द्वारा कई बार सम्मानित

ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को प्रशासन द्वारा राज्य स्तर और संभाग स्तर व जिला स्तर सहित देश की कई संस्थाओ द्वारा अनेक बार जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

## विवेक विहार आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शांतिनाथ विधान का आयोजन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर व विवेक विहार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया । समाज के सहसचिव नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंदिर में सुबह भगवान के विशेष अभिषेक किए गए ।इसके पश्चात मंदिर परिसर में गणतंत्र दिवस एवं समाज के जॉइंट सेक्रेटरी दीपक मोना सेठी की 25वीं वर्षगांठ सिल्वर जुबली के उपलक्ष में शांतिनाथ विधान का आयोजन हुआ ।विधान में सुप्रसिद्ध संगीतकार संजय जैन लाडनूं और पार्टी ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाज की ओर से विधान आयोजक परिवार जॉइंट सेक्रेटरी दीपक सेठी एवं मोना सेठी एवं बाहर से पधारे हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज सचिव सुरेंद्र पाटनी, उपाध्यक्ष अरुण रावकां, भागचंद पाटनी, कोषाध्यक्ष पारस छाबड़ा,सह कोषाध्यक्ष नीरज ठोलिया , पंकज रारा ,अमित ठोलिया ,मनोज कासलीवाल, अनिल पाटनी, आशीष शाह, संजय पापड़ीवाल,राजमती देवी पाटनी,मैना कासलीवाल, शशि जैन, सुनील सरावगी, अरिहंत बगड़ा, मुकेश सेठी, नवीन पांडयां, रमेश पाटनी, मोहित जैन, विकास ठोलिया, धर्मी चंद जैन, महिला मंडल अध्यक्ष सरल बगड़ा, पूर्व पार्षद मोनिका जैन, सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित थे

# जगत कल्याण की कामना के लिए की शान्ति धारा





## दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में किया ध्वजारोहण

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

भारतीय गणतंत्र दिवस की 75 वी वर्षगांठ पर अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में दर्शनोदय तीर्थ के बड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का एक सौ आठ कलशो के साथ महाभिषेक के साथ ही जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया । इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि भारतीय गणतंत्र की जड़े बहुत गहरी हैं भगवान महावीर स्वामी के समय में भी भारत मे गणतंत्र की जड़े मजबूत थी । राजा सिद्धार्थ के राज्य में भी गणों का चयन कर राज्य परिषद के माध्यम से राज व्यवस्था का संचालन किया जाता था।

### आज जो धर्म ध्यान कर रहे हैं ये अमर शहीदों की देन है: विपिन सिघई

इसके पहले समारोह के प्रारंभ में मंगलाष्टक करते हुए कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी आज भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगी। इसके बाद मिष्ठान वितरण किया जायेगा आज जो हम प्रेम से पूजा पाठ कर धर्म ध्यान कर रहे हैं। ये अवसर हमें उन अमर शहीदों की शहादत के बाद मिला जिन्होंने अपने प्राण देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिये ऐसे महान सपूतों को हम नमन करते हैं।

### जगत कल्याण की कामना के लिए हुई शान्ति धारा

इस अवसर पर सौधर्म इन्द्र वनकर रिंकेश कुमार रुपेश कुमार कासंल इसान इन्द्र अभिषेक कुमार मिर्ची सनत इन्द्र सचिन कुमार भूषा महेन्द्र इन्द्र शैलेन्द्र दददा प्रदीप जैन रानी के साथ अन्य भक्तों ने भगवान का एक सौ आठ रिद्धि मंत्रों से अभिषेक कर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की इस दौरान कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री प्रदीप जैन रानी प्रचार मंत्री विजय धुर्रा परम संरक्षण शैलेन्द्र दददा सोनू वगुल्या रिक्की जैन ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए इसके बाद ध्वजारोहण किया गया और सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा गोकुल गांव रिसॉर्ट में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा गोकुल गांव रिसॉर्ट में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल एवं सचिव गिरीश कुमार जैन कि 75वे गणतंत्र दिवस के



अवसर पर 26 जनवरी को गोकुल गांव रिसॉर्ट में भव्य समारोह में आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशांत त्यागी ,सुशीला त्यागी द्वारा झंडारोहण किया गया, दीप प्रज्वलन पदम चन्द खजाँची द्वारा किया गया, विशिष्ठ अथिति जतन कुमार सेठी, विद्या सेठी,विजय कुमार दीवान रहे। मंच संचालन शशि सेन जैन ने किया। कार्यक्रम संयोजक चन्द्र कांता छाबड़ा, गेम संचालन कौशल्या जैन,अलका जैन,जयंती जैन,सोमा जैन एवं स्नेहलता पांड्या द्वारा किया गया। मीटिंग में 220 सदस्यों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई। बस प्रभारी,सुरेश जैन बांदीकुई एवं व्यवस्था सुरेन्द्र कुमार गोधा, राजेन्द्र कुमार बाकलीवाल,अनिल गोधा एवं अजीत जैन द्वारा की गई। भोजन व्यवस्था कैलाश चन्द सेठी एवं सुरेश कुमार बज द्वारा की गई। संस्थापक अध्यक्ष नवीन सेन जैन द्वारा 21 नए सदस्यों का सम्मान किया गया । माह मार्च में दुबई यात्रा हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल द्वारा सभी सदस्यों व अतिथियों का धन्याद ज्ञापित किया।



# अहिंसा सर्किल पर यश विहार में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाडा। 26 जनवरी के उपलक्ष में कोटा रोड पर अहिंसा सर्किल पर यश विहार में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन में भीलवाड़ा शहर विधायक के साथ भारी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति आरसीएम के चेयरमैन तिलोक चन्द छाबड़ा, विशिष्ट अतिथियों में मिट्ठू लाल स्वर्णकार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट लादू लाल तेली, उपसभापति रामनाथ योगी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वर्णकार, प्रधान गजराज सिंह, वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर, देवीलाल गुर्जर, विश्व बंधु सिंह राठौड़, तेजमल शर्मा, जगपाल सिंह, प्रदीप सांखला, रजनीकांत आचार्य, बद्रीलाल सोमानी, महावीर चौधरी, राजेंद्र सिंह पोखरना व लालजी महाराज मंचासीन थे। ध्वजारोहण, राष्ट्रगान के साथ ही भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूर्व सैनिक पदाधिकारियों का स्वागत, अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। देशभक्ति गीतर हैं प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहीं के गाता हूं, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात बताता हूंर के साथ कार्यकर्ताओं की तालियों की गूंज बहुत ही उत्साहित कर रही थी। तत्पश्चात भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश जीनगर का गीत, डॉ अवधेश जोहरी का काव्य पाठ तथा गुणमाला जैन का गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं का गीत हुआ।









# सीएम राइज स्कूल में मना गणतंत्र दिवस समारोह



**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** सीएम राइज विद्यालय अंबाह में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया । इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से प्रेरित अनेक कार्यक्रम हुए। आयोजन के दौरान प्राचार्य रामवीर शर्मा ने मौजूद बच्चों को गणतंत्र का महत्व बताया और कहा कि गणतंत्र का पालन करना सभी भारतीय नागरिकों का दायित्व है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य रामवीर शर्मा एवं स्टाफ के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया इसके बाद ध्वजारोहण किया गया।



# कुण्डलपुर में महामृत्युंजय चंद्रप्रभ महाअर्चना कार्यक्रम आयोजित हुआ

**राजेश रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**



कुण्डलपुर । सुप्रसिद्ध जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आचार्य प्रवर युग शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के मंगल आशीष से पूज्य श्री बड़े बाबा जी की चरण सन्निधि में आचार्य गुरुदेव के स्वास्थ्य लाभ की भावना से महामृत्युंजयी चंद्रप्रभ महाअर्चना कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलाष्टक, दिग्वंदन, यंत्राभिषेक, शांतिधारा इंद्र प्रतिष्ठा ,मंडप प्रतिष्ठा , नित्यमयपूजन , चंद्रप्रभ अर्चना के अंतर्गत सहस्त्रनाम विधान, चौबीसी विधान, त्रिकाल तीर्थंकर विधान, लघु सिद्धचक्र विधान ,चंद्रप्रभ विधान, नवग्रह विधान, तथा मातृका बीजाक्षरो का विधान का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कुण्डलपुर कमेटी के प्रचार मंत्री जयकुमार जलज हटा ने बताया कि कार्यक्रम पुन्यार्जक मोदी चंद्रकुमार ,आलोक, अमित सराफ एवं समस्त मोदी सराफ परिवार दमोह एवं सागर रहे ।पावन प्रेरणा एवं प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अभिषेक जैन शिक्षाचार्य, डॉ. आशीष जैन शिक्षाचार्य जी द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

**गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण**

कुण्डलपुर कार्यालय में गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर ध्वजारोहण किया गया ।इस अवसर पर कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ ने पदाधिकारी सदस्यों के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान हुआ ,मेरी भावना का पाठ किया गया ,उद्बोधन के पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, अजित कण्डया, आरके जैन, ललित सराफ, संजय कुबेर ,अजय निरमा, पुरुषोत्तम जैन ,श्रेयांश सराफ, आशीष गांगरा ,पवन जैन, राजेश जैन, वीरेन्द्र जैन सहित पदाधिकारी सदस्यगण ,प्रबंधक, कुंडलपुर स्टाफ, यात्रीगण एवं स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

# नेट थियेट पर अवधी लोकगीत

## दसरथ सुत खेलते होरी,अवध पुर बटोरी




जयपुर। नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज लखनऊ की डॉ शालिनी गुप्ता ने अवधी लोकगीतों से अयोध्या में रामा के आने की खुशी का बखाण किया। नेट थियेट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि डॉ शालिनी ने अवधी चेती में राम का एक भजन जन्म लियो हो रामा की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत की ।चेती ऋतू परख गीतों की विधा है,जो चैत मास में ही गाई जाती है। उसके बाद उन्होंने अवधि कजरी में हरे रामा सरयू जी की धारा अपरमपारी रे हारी की सूंदर प्रस्तुति से लोगों को मन्त्र मुग्ध किया। इसी श्रृंखला में अवध में गाये जाने वाली होरी दसरथ सुत खेलत होरी अवध पुर बटोरी और मेला गीत राम जनम दा पिया सुना कर अपनी गायकी का परिचय किया और अंत में उलारा गा प्रस्तुति से समापन किया। कलाकार शालिनी ने डॉ कल्पना एस बर्मन के सानिध्य में अवधी लोकगीतों की शिक्षा प्राप्त की। इनके साथ हारमोनियम पर सुप्रसिद्ध संगतकार शेरखान और तबले पर प्रेम शर्मा ने शानदार संगत करते हुए। कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में लॉस एंजिल्स कैलिफोर्निया के जॉन मैकग्राथ ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**मनोज नायक। शाबाश इंडिया**

मुरेना। शासकीय हाई स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल, निटहरा में विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा गाँव में प्रभात फेरी निकाली गई ।प्रभातफेरी में सभी छात्र एवम छात्राएं हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर चल रहे थे ।सभी बच्चे देश भक्ति गीतों का गायन करते हुए कतारबद्ध होकर चल रहे थे ।प्रभातफेरी में भारत माता की जय जय कार गुंजायमान थी ।प्रभातफेरी ग्राम भ्रमण के पश्चात स्कूल प्रांगण पहुची ।स्कूल प्रांगण में माँ सरस्वती की पूजन के पश्चात ध्वजारोहण किया गया ।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए ।कार्यक्रम उपरांत सभी को विशेष भोज कराया गया। कार्यक्रम संकुल प्राचार्य अशोक शर्मा के निर्देशन एवं नमोकार जैन के संचालन में सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाफ भीकम सिंह, अशोक शर्मा, चौबेसिंह, जनशिक्षक शिशुपाल यादव,मनमोहन पाराशर, रामकृष्ण यादव, रामोतार धाकड़, गणक सुरेन्द्र शर्मा, सत्या सिकरवार, काजल किरण शाक्यवार, अर्चना राजपूत, नीतु पिप्पल सहित सभी कर्मचारियों की सहभागिता रही ।प्राचार्य अशोक शर्मा के उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ ।



# जैन मुनि निरंजन सागर जी के सानिध्य में आयोजित हुआ गुरु शिष्य सम्मान कार्यक्रम

**रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

जैतहरी ।जैतहरी तहसील मुख्यालय पर जैन मुनि निरंजन सागर महाराज की शीतकालीन वाचना के लिए विराजमान हैं , गत दिवस सरस्वती शिशु मन्दिर जैतहरी में दोपहर दो बजे मुनि श्री निरंजन सागर के सानिध्य में एवं सकल दिगंबर जैन समाज जैतहरी के तत्वाधान में ?गुरु शिष्य सम्मान? कार्यक्रम का अयोजन किया गया,जिसके पुण्यार्जन का लाभ प्रिंस जैन दिल्ली वालो ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक बच्चों ने मुनिश्री की वाणी को शालीनता पूर्वक सुना और उनके वचनों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया ।मुनि श्री ने प्रवचन की शुरूवात में गुरु का महत्व बताते हुए बच्चो को जीवन के तमाम पहलुओं में नैतिक शिक्षा के संस्कार दिए और मांसाहार न कर शाकाहार को बढ़ाने पर बल दिया और बच्चो को जीवन के लक्ष्यों को जानने और पूरा करने की बात भी कही, साथ ही गुरु देव ने महाराणा प्रताप , भगत सिंह, लक्ष्मी बाई जैसे वीर बलिदानियों का उल्लेख करते हुए बच्चो को मातृ भूमि और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को याद दिलाते हुए उन्हे राष्ट्र के लिए किसी भी स्थिति में हमेशा डटकर आगे आने के लिए भी प्रेरित किया है और बच्चो को जीवन की किसी भी परिस्थिति पढ़ाई, परीक्षा और किसी भी अन्य प्रति स्पर्धा के दबाव में आकर आत्महत्या न करने एवं प्रत्येक परिस्थिति का पूरे हौसले से डटकर सामना करने के लिए विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया , अंत में मुनि श्री ने बताया कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं आज का वर्तमान ही कल का भविष्य होता है , इसलिए वर्तमान को सुधारना परम आवश्यक है , मुनि श्री ने परीक्षा पद्धति के बारे बच्चों को विस्तार से बताया और परीक्षा का डटकर सामना करना और जीवन की प्रत्येक परीक्षा को भेदने के लिए एकलव्य का उदाहरण देते हुए बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाया और हमेशा सकारात्मक सोच को रखने की बात कही और विद्यालय प्रबंधन को मुनिश्री ने बच्चो के कैरियर के इच्छित विषय को बढ़ावा देते हुए उन्हे स्वर्णिम भविष्य के लिए संबंधित स्थानों पर भ्रमण कराने की व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए हैं और शिक्षको को समाज का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए 'आचार्य सम्मान' कार्यक्रम आयोजित करने की बात भी कही ।



# प्राकृत एवं जैन विद्या के जैन रत्न महामनीषी एवं साहित्य तथा प्राचीन पांडुलिपि सम्पादन कला के मर्मज्ञ विद्वान 97 वर्षीय जैन रत्न प्रो राजाराम जैन नोयडा पद्मश्री 2024 से होगे सम्मानित



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

सम्पूर्ण जैन समाज एवं विद्वत्समाज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है कि भारत सरकार द्वारा प्राकृत एवं जैन विद्या के जैन रत्न महामनीषी एवं साहित्य तथा प्राचीन पांडुलिपि सम्पादन कला के मर्मज्ञ विद्वान 97 वर्षीय जैन रत्न आदरणीय प्रो राजाराम जैन नोयडा को पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह खबर जानकर सम्पूर्ण भारत वर्षीय जैन समाज में खुशी की लहर। इंदौर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल सुशील पांड्या, हंसमुख गांधी, टीके, वेद, आजाद जैन संजीव जैन संजीवनी राजेश जैन दद्दू परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन आदी समाज जन ने बंधाई देते हुए कहा कि प्रोफेसर राजाराम जैन, नोएडा को उनकी साहित्य साधना के लिए भारत सरकार का 2024 का पद्मश्री अवार्ड प्रदान करने की घोषणा राष्ट्रपति जी द्वारा की गई है। यह जैन विद्या, समाज के लिए बहुत गौरव की बात है। समंग्र जैन समाज ने क्रेद सरकार के इस स्वागत योग्य निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि आप के इस चयन से भारत वर्षीय जैन समाज गौरवान्वित है।

# शिव विद्या मंदिर स्कूल किशनपुरा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

एलनाबाद । ऐलनाबाद खंड के गांव किशनपुरा के शिव विद्या मंदिर स्कूल में शनिवार को व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुल्तान हरडू डायरेक्टर सर्वोपली पब्लिक स्कूल ऐलनाबाद राजीव झौरड रिटायर्ड गवर्नमेंट अध्यापक सरपंच संजय भादू ने कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि ने सरस्वती मां के चित्र स्वरूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में शिव विद्या मंदिर स्कूल किशनपुरा के डायरेक्टर कृष्ण सहारण ने आए हुए सभी अतिथीयो, अभिभावको व समस्त ग्राम वासियों का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया । उसके पश्चात विद्यालय के जूनियर व सीनियर कक्षाओं के बच्चों ने हरियाणवी पंजाबी व राजस्थानी कल्चरल मे सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बेहतरीन प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। उसके पश्चात कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक शिक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों सहित स्कूल स्टाफ को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सुल्तान हरडू डायरेक्टर सर्वोपली पब्लिक स्कूल ऐलनाबाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपना लक्ष्य अटल रखकर के पढ़ाई करनी चाहिए और जीवन में कभी भी अपने आपको असफल नहीं समझना चाहिए खुद के अंदर एक ऐसी जिद पैदा करके पढ़ाई में ध्यान लगाना चाहिए और आप बिना लक्ष्य के कभी भी अपने आपको आगे नहीं बढ़ा सकते इसलिए अपने जीवन में एक लक्ष्य लेकर के आगे चलो कि हमें उस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करना है तभी आप अपनी जिंदगी में कामयाब हो सकते हो वह विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल सहित अन्य प्रकार की सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यों में भी बच्चों को साथ-साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी महाराज का श्रीमहावीरजी से ससंघ गंगापुर सिटी के लिए हुआ मंगल विहार



**चंद्रेश कुमार जैन.शाबाश इंडिया**

श्रीमहावीरजी। गुरुवार को अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी मे शाम 6 बजे दर्शन के लिए आए आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का ससंघ शुक्रवार को दोपहर में गंगापुर सिटी के लिए मंगल विहार हुआ। गौरतलब है कि गुरुवार को शाम आचार्य श्री की मुख्य मंदिर के द्वार पर मंदिर कमेटी के मानद मंत्री सुभाष जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, संयुक्त मंत्री उमरावमल संगी, पीके जैन, शांतवीर नगर संस्थान के मंत्री राजकुमार कोठारी,दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन एवं जैन समाज के गणमान्य लोगों ने चरण पखार मंगल आरती उतार भव्य अगवानी की। उसके बाद आचार्यश्री ने ससंघ मुख्य मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की चमत्कारिक प्रतिमा के दर्शन किए एवं ध्यान केंद्र का अवलोकन किया।

# सेठी कॉलोनी जैन मंदिर का 53वां स्थापना दिवस




## धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 21 वृद्धजनों का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आगरा रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से सेठी कॉलोनी का 53वां स्थापना दिवस 26 जनवरी को धूमधाम से मनाया गया। इस सामूहिक पूजा,ध्वजारोहण सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुआ और सेठी कॉलोनी की सबसे वृद्ध महिला 104 वर्षीय केली देवी कासलीवाल जैन सहित 21 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीन दयाल जैन पाटनी व सचिव धर्मीचंद कासलीवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ सुबह मंदिर के ऊपर व मानस्तंभ में विराजित मूर्तियों के कलशाभिषेक के साथ हुआ।इसके बाद मुलनायक भगवान महावीर स्वामी की शांतिधारा व अभिषेक समाजसेवी डीके जैन ने की। तत्पश्चात सामिहक पूजा व साजों के बीच श्री महावीर विधान हुआ। इस दौरान भजनों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण भक्ति और और आस्था के रंग में डूब गया। उन्होंने बताया कि आयोजन की श्रंखला में ध्वजारोहण समाजश्रेष्ठी व मुनिभक्त कुशल चन्द-मधु ठोलिया किया।

# धुलियान मंदिर का 12वा वार्षिक प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**धुलियान ,पश्चिम बंगाल।** पवित्र गंगा नदी किनारे अवस्थित धुलियान नगरी में श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर के 12 वां प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर आचार्य शीतल सागर जी महाराज के सानिध्य में 26 जनवरी 2024 को सुबह प्रतिष्ठाचार्य बा:ब: अभय भैया आदित्य इन्दौर उदासीन आश्रम के नेतृत्व में श्री 1008 जिनेन्द्र महा-अर्चना व साय:को महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। 27 जनवरी 2024 को नव निर्मित रथ पर भगवान को विराजमान कर भव्य जुलुस रथोत्सव के रूप में मनाया गया। तत्पश्चात आचार्य श्री का मंगल प्रवचन के बाद मूलनायक भगवान महावीर की पाषाण की प्रतीमा पर महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम हुआ। सांय को महा आरती का आयोजन हुआ। रथोत्सव के पुण्यार्जक परिवार को सम्मानित किया गया। **संकलन : संजय बड़जात्या धुलियान**



## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी को समाज सेवा एवं रचनात्मक कार्यों के लिए गणतंत्र दिवस पर किया गया सम्मानित






**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया**

गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में रामगंजमंडी की स्वयंसेवी संस्था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रामगंज मंडी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समूह की ओर से समूह अध्यक्ष प्रदीप शाह, रेखा शाह, मयंक सांवला सचिव राजीव बाकलीवाल, मयंक जैन, पंकज जैन, सोनू सुरलाया, देवेंद्र जैन एवम अन्य सदस्यों ने ग्रहण किया। यह पुरस्कार समूह को जनकल्याणकारी कार्यों एवं रचनात्मक कार्यों हेतु प्रदान किया गया। समूह द्वारा जनकल्याण एवं रचनात्मक कार्यों के विषय में भलाई की दीवार, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, बूस्टर डोज, निर्धन एवं असहाय लोगों को वस्त्र भेंट करना एवं निर्धन लोगों को भोजन करने जैसे कई जन कल्याणकारी कार्य किए हैं, साथ ही साथ देशभक्ति से ओत प्रोत तिरंगा रैली निकालने में भी समूह का विशेष योगदान रहा है। समूह के इन अनुकरणीय कार्य को देखते हुए नगर पालिका रामगंज मंडी द्वारा समूह को सम्मानित किया गया। समस्त पार्षदों की सहमति के साथ-साथ चयन समिति में रहे वरिष्ठ पार्षद अखिलेश मेडतवाल द्वारा सम्मानित करने हेतु चयनित किया गया। यह सम्मान तहसीलदार नीरज रावत, डीएसपी कैलाशचंद, सीआई मनोज कुमार,नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल सैनी पालिका उपाध्यक्ष गुड्डू मीणा, जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, गोपाल गर्ग, प्रधान कलावती, कमलेश गोइंन, हुकुम बाफना, अखिलेश मेडतवाल के द्वारा प्रदान किया गया।

## रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा हेल्थ अवेयर शो का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा हेल्थ अवेयर शो दिनांक 27 जनवरी शनिवार 2024 को मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल शिप्रा पथ मानसरोवर में रोटेरियन और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर दीपेंद्र भटनागर द्वारा हेल्थ शो पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में रोटेरियन ने हिस्सा लेकर अपनी सहभागिता निभाई।इस टॉक शो में हार्ट अटैक से बचने के उपाय के बारे में बहुत सारी जानकारी दी गई वह हमें अपने हेल्थ के लिए कैसे अवेयर रहना चाहिए इस बारे में सबको बताया गया। साथ ही हिमांशु परनामी जो हॉस्पिटल के उरड है उन्होंने भी अस्पताल में जो भी सुविधा है उन सब के बारे में अवगत कराया। अंत में क्लब के सचिव अनिल जैन द्वारा सभी डॉक्टर्स का सम्मान किया गया एवं आए हुए सभी रोटरी मेंबर्स को धन्यवाद दिया।

# चित्र, रेखांकन, संस्थापन और प्रदर्शन कला के विविध रूपों को परिलक्षित करती है 'जंबल प्रदर्शनी'





## टखमन आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय आर्ट एक्जीबिशन का आज अंतिम दिन

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

आधुनिक कला की विभिन्न विधाओं को मल्टीमीडिया सृजान से साकार हुई पांच परदेसी मेहमान कलाकारों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी जंबल का समापन रविवार शाम को होगा।

गौरतलब है कि शुक्रवार को अंबामाता स्कीम स्थित टखमन कला दीर्घा में इसका उद्घाटन हुआ था। समन्यक वागाराम ने बताया कि इस प्रदर्शनी में अमरीकी कलाकार मैक्स स्ट्रांग ने क्षत विक्षत अमूर्त आकार के माध्यम से जीवन की अनिश्चितता को उजागर किया है। वहीं अन्ना सिमोर की कटे - फटे और सिले- जुड़े रंग बिरंगे टुकड़ों से सृजित कृति रिश्तों के ताने बाने को रेखांकित करती प्रतीत होती है। प्रदर्शनी की एक दीवार पर टंगे छायाचित्र में तिरपाल से ढंकी गाड़ी अलग कौतूहल जगता है। तो एक अन्य कृति जमीन पर करीने से सजे काले घड़ों और एक छोर से दूसरे छोर जाते सुर्ख लाल चिथड़ों का मर्म हर कला रसिक अपने अंदाज से भांपता है। प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में जर्मनी से आई अमांडा बेकर की सुरीली खनक और आरोह अवरोह के बीच एक स्त्री मन के अंतरद्वंद्व को हर कोई सायास महसूस करता है। हां , इस दौरान भूमि पर बिछे कोरे कैनवास पर प्रतिभाशाली युवा कलाकार अन्ना की घूमती थिरकती अंगुलियों में फंसी गेरू काली चॉक ने मोहक और सार्थक कृति का रूप भी दे दिया। खास मौके पर एल एल वर्मा, संदीप पालीवाल, डॉ. मीना बया, दिनेश उपाध्याय, रोकेश सिंह, पुष्पकांत त्रिवेदी, शाहिद परवेज, शर्मिला राठौड़, योगाचार्य सुरेश पालीवाल, चंदन जाट, मांगीलाल त्रिवेदी, भवानी सिंह राठौड़, सुनील निमावत, हर्ष छाजेड़, मान महेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, राजेश सोनी, डॉ.रघुनाथ शर्मा, जयेश सिकलिगर सहित कई कलाप्रेमी और गणमान्य मौजूद थे।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**






# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन

## कार्यकारिणी सत्र 2024 की प्रथम सभा का भी हुआ आयोजन। मार्च में होली पर कवि सम्मेलन तथा अप्रैल में 50 रक्तदान शिविर लगाने की घोषणा की।














### तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह का होगा शनिवार 20 अप्रैल को आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की सत्र 2024 की कार्यकारिणी की प्रथम सभा का आयोजन जगतपुरा स्थित जयपुर जंक्शन होटल में की गई। ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका ने बताया कि ग्रुप अध्यक्ष मनीष - शोभना लोंग्या व सचिव राजेश - रानी पाटनी के आतिथ्य में आयोजित सभा में सर्व प्रथम 75वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्रुप परामर्शक दिनेश गंगवाल द्वारा झंडारोहण किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रगान के पश्चात उपस्थित सदस्यो ने भाव विभोर होकर नृत्य भी प्रस्तुत किए। कझंडारोहण के पश्चात सभा का प्रारंभ ग्रुप अध्यक्ष मनीष लोंग्या की अध्यक्षता में हुई ।नमोकार महामंत्र के वाचन के पश्चात सचिव राजेश पाटनी ने आगामी वर्ष होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका ने सत्र 2022- 23 का सम्पूर्ण हिसाब सदन के पटल पर रखा जिसे सभी ने एकमत होकर पारित किया। मार्च में होली पर कवि सम्मेलन तथा अप्रैल में 50 रक्तदान शिविर लगाने की घोषणा की। गोदिका ने सदन को संबोधित करते हुए आगामी मार्च माह में ह कवि सम्मेलन तथा अप्रैल माह में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक 50 रक्तदान शिविर लगाकर भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण वर्ष के अवसर पर 2550 यूनिट रक्त एकत्र करने का आह्वान किया। तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह का होगा शनिवार 20 अप्रैल को आयोजन सन्मति ग्रुप द्वारा शनिवार , 20 अप्रैल, 2024 को समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा की स्मृति में तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। सभा के अंत में श्रीमती प्राची जैन धर्मपत्नी ग्रुप सयुक्त सचिव प्रदीप जैन बाकलीवाल का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। सभा ने आगामी गेट टू कार्यक्रम के लिए मुख्य समन्वयक वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय - ज्योति छाबड़ा को नियुक्त किया। सभा का संचालन संजय छाबड़ा ने किया। अंत में संस्थापक अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# देश का 75 वां गणतंत्र दिवस: जयपुर में डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में स्कूल शिक्षा के शासन सचिव ने ध्वज फहराया

## अपने काम के प्रति समर्पण भाव देश की सबसे बड़ी सेवा- शासन सचिव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




जयपुर में डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में देश का 75वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने ध्वज फहराया। जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि अपने काम के प्रति समर्पण भाव ही देश की सबसे बड़ी सेवा है। गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग की पूरी टीम इस मूलमंत्र को अपनाकर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के जीवन में सुधार और बदलाव के लिए अपने सतत योगदान का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र और देश की अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। देश को सुपर पावर बनाने का सारा दारोमदार शिक्षा पर है। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी, कार्मिक और शिक्षकों सहित पूरी टीम इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें कि गांवों में रहने वाले नागरिक अच्छी शिक्षा के माध्यम से स्वयं अपना निर्णय लेने में सक्षम बनकर देश और समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाएं। हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अवसरों की समानता वाला वातावरण मिलें, इस सोच को साकार करने के उद्देश्य से हम सभी सकारात्मक सोच के साथ अपने नियमित कार्यों को समयबद्ध रूप से सम्पादित करे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी तथा बाबा आमटे दिव्यांग यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. देव स्वरूप, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक अनिल पालीवाल, अतिरिक्त निदेशक श्रीमती ममता दाधीच सहित समग्र शिक्षा, निदेशालय, संस्कृत शिक्षा, कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, मदरसा बोर्ड, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, सीडीईओ-जयपुर एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जयपुर, जिला शिक्षा अधिकारी-माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी-प्रारंभिक भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, सीबीईओ पूर्व और साक्षरता एवं सतत शिक्षा के अलावा शिक्षा संकुल परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।







# सूचना केंद्र में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर के सूचना केंद्र में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री सुनील शर्मा ने ध्वज फहराया। श्री शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री अरुण जोशी, उपनिदेशक श्री जसराम मीणा सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग व आरकैट के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान लोक सेवा आयोग में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष श्री संजय श्रोत्रिय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री श्रोत्रिय ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर हम सभी संविधान में निहित उच्च आदर्शों, मूल्यों व कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा का सदैव सम्मान करें और राष्ट्र के विकास में पूर्ण योगदान दें। आयोग सदस्य डॉ. संगीता आर्य, श्री जसवंत सिंह राठी, डॉ. मंजू शर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़, श्री कैलाश चंद मीणा, आयोग सचिव श्री रामनिवास मेहता, मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता, विशेषाधिकारी श्री चेतन त्रिपाठी ने भी आयोग कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में उपसचिव श्री चणनाराम सोलंकी, सहायक सचिव श्री किशन सिंह, अनुभाग अधिकारी श्री मोहन लाल यादव, सहायक अनुभाग अधिकारी श्री अतुल प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर श्री सुदर्शन कुमार जैन, लिपिक ग्रेड-प्रथम श्री पुखराज पालीवाल, श्री प्रदीप कुमार, कृष्ण मुरारी, निकिता पाण्डेय एवं सूचना सहायक श्री अमित रांकावत को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

